Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to set up CGHS dispensary in Jhunjhunu Parliamentary Constituency, Rajasthan

श्री नरेन्द्र कुमार (झुन्झुनू): राजस्थान राज्य के शेखावाटी क्षेत्र में जिला-झुंझुनू आता है। लोक सभा क्षेत्र झुंझुनु (शेखावाटी प्रादेशिक क्षेत्र) में केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सी.जी.एच.एस.) के लाभार्थियों की अनुमानित संख्या लगभग 10,000 है, किन्तु इस पूरे क्षेत्र में केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के लाभार्थियों के उपचार और औषधि हेतु जयपुर या दिल्ली आना पड़ता है क्योंकि निकटतम सी.जी.एच.एस. अन्तर्गत एक भी औषधालय नहीं है जिस कारण उपरोक्त क्षेत्र के सी.जी.एच.एस. लाभार्थियों को जयपुर या दिल्ली का लगभग 200 किलोमीटर का सफर तय कर यहां रहने के लिए मजबूरन आना पड़ता है, जो कष्टदायक, दुष्कर, खर्चीला और अव्यवहारिक होने के साथ-साथ एक बीमार असहाय व्यक्ति पर घोर अत्याचार प्रतीत होता है।

यद्यपि नियमानुसार जिस क्षेत्र में सी.जी.एच.एस. लाभार्थियों की संख्या 1000 के लगभग है वहां इस औषधालय को खोलने का प्रावधान है, किन्तु इस प्रावधान की निरंतर अनदेखी करते हुए इस क्षेत्र के लाभार्थियों को स्वास्थ्य सुविधा से वंचित रखा गया है।

अतः कृपया इस विषय से संबंधित मंत्रालय अथवा विभाग को अवगत कराते हुए इस क्षेत्र में सी.जी.एच.एस. के लाभार्थियों की कठिन समस्या का निदान कराएं। आपके इस कार्य के लिए इस क्षेत्र के केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के लाभार्थी सदैव आभारी रहेंगे।